घोषणा • केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने राष्ट्रीय किसान व भेड़ ऊन मेले का किया शुभारंभ

# अविकानगर में दो माह के भीतर खुलेगा गाय-भैंस पर अनुसंधान के लिए रीजनल फीड सेंटर

भास्कर न्यूज़ | मालपुरा

केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में शनिवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय किसान व भेड़ ऊन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। अविकानगर पंहूचने पर निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री की भावपूर्ण अगुवानी की गई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत संचालित केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में केंद्रीय कृषि मंत्री ने नवनिर्मित कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला भवन का अनावरण किया। उन्होंने विभिन्न सैक्टरों में भ्रमण कर उन्नत नस्ल के भेड़ व मेंढे देखे तथा प्रदर्शनियों का अवलोकन गदगद हुए।उन्होंने खरगोश व बकरियों के लिए किए जा रहे अनुसंधानों का अवलोकन किया। उन्होंने तकनीकि स्थानांतरण केंद्र को भी निहारा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने अविकानगर में भेड़ की ऊन से बनाए जाने वाले उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान में राष्ट्रीय स्तरीय कृषि मेले में बडी संख्या में एकत्र किसानों, महिला कृषकों, वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन तकनीक आधारित रोजगारोन्मुख कार्यों में तेजी लाने का आह्वान किया। उन्होंने 15 सौ एकड में 1962 से स्थापित अविकानगर को वैज्ञानिको की लेबोरेटरी बताते हुए कहा कि यहां भेड़ व मेमनों पर परीक्षण का कार्य हो रहाहै। इस तरह के देश में 103 संस्थान है वहां से देश भर की सरकारें ज्ञान लेकर प्रदेशों में बांटते है। उन्होंने बताया कि देश में 700 कृषि विज्ञान केंद्र संचालित है। 74 युनिवर्सिटी है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक नईनई तकनीक तैयार कर रहें है। उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए मिट्टी की सेहत सुधारने, खेती के लिए पानी का इंतजाम करने सहित नवीन तकनीकी से उन्न्त खेती व साथ में पशुपालन करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।केंद्रीय कृषि मंत्री में वैज्ञानिकों से कहा कि वे शौधित नई तकनीक नीचे तक किसानों को पंहुचाए जिससे उनकों लाभ मिले। राधामोहन सिंह ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास व किसान की समृद्धि के लिए चलाई जारही योजनाओं का कई बार उल्लेख किया। उन्होंने उज्जवला योजना, स्वच्छता मिशन, भ्रष्टाचार पर चर्चा सहित नोट बंदी व जीएसटी से हुए नुकसान व फायदे गिनाए, वे राफेल घोटाले तथा स्वास्थय योजनाओं पर भी बोले। नदी जोडने कीयोजना व दलहन तिलहन खरीद को लेकर भी चर्चा की।

उन्होंने आयुष्मान योजना को बडी योजना बताया। उन्होंने प्रदेश के चुनाव पर चर्चा करते हुए मोदी को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता जताई तथा इसी दौरान उन्होंने केंद्रीय भेड़ एवं ऊन् अनुसंधान संस्थान अविकानगर में आगामी दो माह में गाय व भैंस पर अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल का रीजनल फीड सेंटर स्थापित कर चालु करने की घोषणा की। उन्होंने निदेशक को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए कहा जिससे दो माह में रीजनल फीड सैंटर चालु हो सके तथा गाय भैंस के वैज्ञानिक नियुक्त किए जा सकें।



मालपुरा | अविकानगर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय किसान व भेड़ ऊन मेले में उमड़े किसान व वैज्ञानिक महिला कृषक तथा कृषि छात्र छात्राएं एवं जनप्रतिनिधि।



मालपुरा | अविकानगर में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय किसान व भेड ऊन मेले के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहनसिंह ने संस्थान परिसर में नव निर्मित कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला का अनावरण किया।



मालपुरा | अविकानगर में पौधरोपण करते केंद्रीय कृषि मंत्री।



मालपुरा | पौधरोपण करते प्रदेश के कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी।

## विधायक कन्हैयालाल चौधरी बोले- सरकारी खरीद शुरू कराएं

विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि बरसात से खराब हुई फसलों से किसानों को नुकसान हुआ है। किसान खून के आंसू रो रहा है। सरकार किसानों को फसलों के खराबे का मुआवजा दिलाए।

विधायक ने इस अवसर पर प्रभुलाल सैनी की ओर मुखातिब होते हुए मालपुरा विधानसभा के किसानों को राहत के लिए मूंग के खरीद केंद्र जल्दी शुरू कराने की आवश्यकता जताई। उन्होंने केंद्र सरकार से डीजल की दरों में कमी कराने की अपील की जिससे किसानों को राहत मिल सके। विधायक ने गाय भैंस अनुसंधान केंद्र खोलने की मांग रखी। विलंब से आए सांसद टोंक ने भी किसानों को संबोधित किया।

## कृषि मंत्री ने कहा मुआवजा मिलेगा

किसान व भेड़ ऊन मेले में संबोधित करते हुए प्रदेश कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि राजस्थान ऊन उत्पादन के क्षेत्र में पहले स्थान पर है। लेकिन ऊन के अच्छे दाम नहीं मिलते इसके लिए पच्चीस मंडियों को राष्ट्रीय कृषि बाजार से जोडा गया है । उन्होंने कहा कि आपदा पीडित किसानों के मूंग उडद व सोयाबीन तथा दलहन खराबे की गश्त गिरदावरी शुरू करा दी गई है जल्दी ही 15 अक्टूबर तक नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## निदेशक डॉ. तोमर ने बांधी भूमिका

केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने स्वागत संबोधन में केंद्रीय कृषि मंत्री सहित प्रदेश के कृषि मंत्री व देश प्रदेश से आए जनप्रतिनिधियों तथा वाइस चांसलरों, निदेशकों सहायक निदेशकों व आईसीएआर के उच्चाधिकारियों को संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य में क्षेत्र की आवश्यकता के मद्यनजर केंद्र व राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि अविशान नामक भेड़ इस संस्थान की मुख्य उपलब्धि है जो एक साथ दो या तीन से ज्यादा मेमने देती है। पशु पोषण तकनीक, पशु स्वास्थ्य कलेंडर से मृत्यूदर में कमी एवं ऊन् उत्पादों से आय वृद्धी के सोपान तैयान करने की जानकारी दी। संजतकनीक से गर्भाधान व अविकानगर में ऊन की रजाई बनाने की जानकारी दी।

# किसानों की आय दोगुना करेंगे

## केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने किया मेले का उद्घाटन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



मालपुरा राष्ट्रीय भेड ऊन व किसान मेले में उमड़े किसान।

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में शनिवार को राष्ट्रीय भेड़ ऊन व किसान मेले का मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह, राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, संस्थान निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने किया।

समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आमदनी 2022 तक दोगुना करने का लक्ष्य अपने हाथों में लिया है। किसानों के कल्याण के लिए देश में वर्तमान में 103 संस्थान कार्य कर रहे हैं। 700 विज्ञान केन्द्र व 73 विश्वविद्यालय किसानों के हितों के लिए नई-नई तकनीकी का प्रयोग कर किसानों की आमदनी को बढ़ाने के कार्य योजना तैयार कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हितों से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन्होंने राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल हरियाणा का फील्ड सेन्टर अविकानगर में खोले जाने की घोषणा की।

प्रदेश के कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि गत दिनों प्रदेश में हुई बरसात से मूंग व उड़द फसल में हुए खराबे की रिपोर्ट तैयार कर मंगवाई जा रही है, जिससे किसानों को मुआवजा देने का कार्य किया जाएगा। सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कन्हैयालाल चौधरी किसानों के हित की योजनाएं बताई। संस्थान निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने बताया कि संस्थान द्वारा मेमनाप्राश, अविखाद, अविकामिनमिक्स, अविकासील, कृत्रिम गर्भाधान तकनीक, अविका खाद का विकास किया है जो किसानों की आमदनी को बढ़ाने का कार्य कर रही है। समारोह में अतिथियों ने संस्थान द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं का विमोचन करते हुए प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया। इससे पूर्व अतिथियों ने संस्थान में कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला का उद्घाटन कर परिसर में पौधरोपण किया। अतिथियों ने विभिन्न संस्थानों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। राष्ट्रीय भेड़, ऊन व किसान मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के उप महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. जयकृष्णा जेना, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के डॉ. बलराज सिंह, राजुवास बीकानेर के कुलपति डॉ. विष्णु शर्मा, केन्द्रीय ऊन विकास मण्डल जोधपुर के शासकीय निदेशक वी. के. कोहली, एन. आर. सी. ऊंट अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के डॉ. ए. वी. पाटील, बामनवास विधायक कुंजीलाल मीणा, पूर्व विधायक मालपुरा जीतराम चौधरी, प्रधान सरोज चौधरी, डीआर रूपचन्द आकोदिया, पूर्व डीआर छोगालाल गुर्जर, पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोतम सैनी, देहात भाजपा अध्यक्ष भागचन्द सैनी सहित कई लोग मौजूद थे। हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, कर्नाटक, गुजरात व राजस्थान के लगभग चार से पांच हजार किसानों ने भाग लिया।



मालपुरा अविकानगर में आयोजित राष्ट्रीय भेड़ ऊन व किसान मेले में संस्थान द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं का विमोचन करते अतिथि।




मालपुरा राष्ट्रीय भेड़ ऊन व किसान मेले में प्रगतिशील किसानों का सम्मान करते अतिथि।

### कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष पर किया कटाक्ष

राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि राजकुमार का कुनबा गत 40 वर्ष तक घोटालों में लगा रहा तथा गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बनते ही देश का मान बढ़ाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में एक ही वंश ने राज कर देश को खोखला कर दिया। उनके प्रधानमंत्री ने स्वयं माना कि केन्द्र से 100 रुपए भेजते हैं लेकिन जनता तक मात्र 20 रुपए पहुंचते हैं।

तीन Regional Supplement of Punjab Kesari
राजस्थान केसरी
30 सितम्बर, 2018, रविवार

# अविकानगर को मिली राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल के फील्ड सेंटर की सौगात

राकेश पारीक

मालपुरा, (पंजाब केसरी): देश की जनता का सौभाग्य है कि नरेन्द्र मोदी के रूप में उन्हें ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो गांव, गरीब, किसान, युवा सहित हर वर्ग व देशवासी के विकास की सोच रखता है, जिसने विदेशों तक में देश का मान बढ़ाया है, जो योजनाएं बनाने व लागू करने के साथ-साथ उनकी निगरानी भी करता है, वह देश के विकास के लिए संकल्पबद्ध है, केन्द्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ने अविकानगर में यह उदगार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि 48 वर्षों तक देश पर शासन पर करने वाले परिवार व पार्टी के राजकुमार की तरह अपने ही कुनबे का विकास नहीं किया बल्कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 48 माह के शासन में जनता को राहत प्रदान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू कर किसानों को, उज्वला योजना लागू कर घर की महिलाओं को, दीनदयाल उपाध्याय विद्युत योजना लागू कर आमजन व गरीब के घर में रोशनी पहुंचाने, हर घर को शौचालय योजना लागू कर घर की बहिन-बेटियों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी अब अटल जी के नदियों को जोड़ने के सपने को साकार करने में जुटे है जिससे इस देश में खुशहाली आएगी, किसानों की आय दोगुना होगी व देश समृद्धि व उन्नति की राह पर चलकर एक बार फिर से विश्वगुरू बनने की ओर कदम बढ़ेगा। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार राधामोहन सिंह ने केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में शनिवार को राष्ट्रीय भेड़ एवं किसान मेले का विधिवत फीता काटकर शुभारम्भ किया। मंत्री सिंह ने केन्द्र सरकार की ओर से किसानों व मवेशीपालकों के हित में लागू की गई योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अविकानगर संस्थान की जमकर सराहना करते हुए संस्थान द्वारा विकसित की गई तकनीकों से किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित कर आर्थिक स्तर उंचा करने पर जोर दिया। सिंह ने क्षेत्र के दुधारू पशुपालकों के लिए एक बड़ी सौगात देते हुए राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल का क्षेत्रीय फील्ड सेंटर खोले जाने की घोषणा की जिसका पांडाल में मौजूद हजारों के जनसमूह ने तालियों की गडगडाहट के साथ स्वागत करते हुए केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया। सिंह ने कहा कि क्षेत्र में भेड, बकरी व खरगोश पर शोध एवं उन्नत तकनीकों को विकसित करने वाला संस्थान क्षेत्र के दुधारू पशुपालकों के लिए भी वरदान साबित होगा। एनडीआरआई करनाल की तर्ज पर दुधारू पशुओं पर शोध, उन्नत नस्ल, नस्लसुधार, दूध बढ़ाने के तरीके एवं कम खर्चे पर दुधारू पशुओं का रख-रखाव करने का ज्ञान उपलब्ध होगा। साथ ही सिंह ने संस्थान के निदेशक तोमर व उपमहानिदेशक जैना को संस्थान में जमीन व इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाकर सेंटर को दो माह में शुरू किए जाने के निर्देश दिए।



राष्ट्रीय भेड एवं किसान मेले में संस्थान की उपलिब्धयों व योजनाओ के फोल्डर का विमोचन करते हुए मंचस्थ अतिथि।

समारोह में केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर निदेशक डॉ.अरूण कुमार तोमर ने 1962 में स्थापित किए गए संस्थान के इतिहास की जानकारी देते हुए इसकी उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी। कृषि मंत्री राजस्थान सरकार प्रभुलाल सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कृषक साथी योजना, फसल बीमा योजना, सहकारिता के तहत ऋणमाफी सहित ऐसी कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की है। सैनी ने अतिवृष्टि से हुए खराबे से राहत के लिए किसानों को 18 अक्टूबर तक गशत गिरदावरी कर मुआवजा देने की जानकारी दी। सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया व क्षेत्रीय विधायक ने भी किसानों को सम्बोधित किया। अतिथियों ने संस्थान की ओर से तैयार की गई विभिन्न स्मारिकाओं का विमोचन भी किया गया।

